रोज़गार

बहुसांस्कृतिक सहकर्मी नेटवर्क

भले ही आपकी विकलांगता का आपकी काम करने की क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ता है, फिर भी कुछ नियोक्ताओं को चिंता हो सकती है। यह आप पर निर्भर है कि आप उन्हें दिखाएँ कि अपनी विकलांगता के बावजूद, आप **इस पद के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति** हैं ।

नौकरियाँ कहाँ खोजें

- व्यक्तिगत संपर्क
- वर्गीकृत विज्ञापन
- जॉब-प्लेसमेंट सर्विसेज (नौकरी-नियुक्ति सेवाएँ)
- डिसेबिलिटी एडवोकेसी जॉब-प्लेसमेंट सर्विसेज (विकलांगता के पक्ष की समर्थक नौकरी-नियुक्ति सेवाएँ) या सहायता समूह
- व्यावसायिक पुनर्वास एजेंसियाँ
- इंटरनेट पर खोज करें

अपना होमवर्क करें

कंपनी के बारे में जानकारी होने से पता चलता है कि आप काम करने के लिए प्रेरित हैं:

- क्या वे डिसेबिलिटी कॉन्फ़िडेंट रिक्रूटर (विकलांगता आत्मविश्वासी भर्तीकर्ता) हैं?
- क्या विकलांगता पक्ष-समर्थक समूहों के साथ उनकी अच्छी प्रतिष्ठा है?
- उनकी ताक़त और कमज़ोरियाँ क्या हैं?
- आपकी पृष्ठभूमि और अनुभव कैसे आपको एक अच्छा उम्मीदवार बनाते हैं?

अपने रेज़्युमे में क्या शामिल करें

> शिक्षा का सारांश

> रोज़गार का सारांश

> योग्यताएँ

> वॉलंटियर के रूप में किए गए कार्य का अनुभव

> संदर्भ पत्र

सहायक तकनीकी (टेक्नॉलॉजि)

आपकी विकलांगता के बावजूद, आपकी प्रतिभा और कौशल को **अनुकूली तकनीकी** जैसे कि **स्पीच पहचानने वाले सॉफ़्टवेअर** के उपयोग के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है।

अपनी विकलांगता के बारे में सूचित करना

> आप तय कर सकते/सकती हैं कि **कब**, **कहाँ** और **कैसे** अपनी विकलांगता के बारे में सूचित करना है

> आपको कानूनी रूप से अपनी विकलांगता प्रकट करने की आवश्यकता नहीं है, जब तक कि यह नौकरी संबंधी आवश्यक कार्यों को पूरा करने से संबंधित न हो।

> यदि आप यह जानकारी स्वेच्छा से देते/देती हैं, तो आपका नियोक्ता आपको एक सशक्त और आत्मविश्वासी व्यक्ति के रूप में देख सकता है।

समाधान पर ध्यान दें, समस्या पर नहीं।

साक्षात्कार

> साक्षात्कार स्थल पर पहुँचने (accessibility) संबंधी अपनी आवश्यकताओं के बारे में अपने साक्षात्कारकर्ताओं को अग्रिम रूप से सूचित करें

> किसी सहायक व्यक्ति के साथ प्रश्नों के उत्तर देने का अभ्यास करें:

- आपके कौशल और ताक़त क्या हैं?
- आपको किन उपकरणों की आवश्यकता होगी?
- आपको काम पर रखने से कंपनी को क्या लाभ होगा?

> उचित पोशाक पहनें- क्या पहनना है इसके बारे में निर्णय लेने से पहले कार्यस्थल के बारे में पता करें

> क्या लाना है:

- अपने रेज़्युमे का एक साफ़, मुद्रित संस्करण
- अपने काम के नमूने
- कोई भी प्रासंगिक योग्यताएँ, अभिस्वीकृतियाँ इत्यादि

चिंताओं का अनुमान लगाना और उनका समाधान करना

कुछ लोगों के मन में विकलांगता वाले कर्मचारियों के बारे में **भय** और **पूर्वाग्रह** होते हैं।

> अपने दृढ़ संकल्प और आंतरिक सामर्थ्य के बारे में बात करें

> बताएँ कि कैसे सहायक उपकरण का उपयोग करके किए जाने वाले कार्यों को करने की आपकी क्षमता पर कोई फ़र्क नहीं पड़ता

> उन अवसरों के बारे में विशेषरूप से बताएँ जहाँ आपकी विकलांगता है वह आपको काम को बेहतर ढंग से करने में भी मदद कर सकती है

अनुचित साक्षात्कार प्रश्न

साक्षात्कार के दौरान किसी व्यक्ति के चिकित्सा इतिहास के बारे में पूछना ग़ैरकानूनी है।

यदि आपसे कोई अनुचित प्रश्न पूछा जाता है, तो **शांति** से उत्तर दें ।

मुखर व्यक्ति बनें।

अपने संवाद कौशल को याद रखें:

> सक्रियरूप से सुनने और जवाब देने के कौशल का उपयोग करें

> अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए खुले और बंद प्रश्नों का उपयोग करें

> उदाहरण दें

मल्टीकल्चरल पीयर सपोर्ट नेटवर्क (एम पी एन) सेटलमेंट सर्विसेज इंटरनेशनल (एस एस आई) की एक पहल है। इस परियोजना को ऑस्ट्रेलियन गवर्नमेंट ऑफ सोशल सर्विसेज द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

www.ssi.org.au/services/disability-services/multicultural-peer-network

SSI settlementservices international